डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
दैनिक
पटना, 01 मई, सोमवार, 2023

## वर्तमान दौर में युवाओं तक महात्मा गांधी के विचारों को पहुँचाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं को राहुल गांधी के आवाज को बुलंद करना होगा :तुषार गांधी

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

**पटना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को वर्तमान दौर में युवा पीढ़ी तक पहुंचाना ही उस महान विभूति के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ये बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संगोष्ठी ₹वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में गाँधी की प्रासंगिकता₹ पर बोलते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में देश बेहद नाजुक राजनीतिक दौर से गुजर रहा है जहां कुछ अति उत्साही राजनीतिक विचारधारा के लोग परस्पर विपरीत विचारों के लिए कोई जगह नहीं छोड़ना चाहते हैं। ऐसे में गांधीवादी विचारधारा को पुष्ट करने की जरूरत है और नफरत व डर के माहौल को खत्म कर सामाजिक सामंजस्यता स्थापित करने की आवश्यकता है। युवाओं पर विशेष जोर देकर उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को पहुंचाने की कवायद बुद्धिजीवियों को करने की आवश्यकता है वरना देश के अंदर ही गांधी की हत्या के बाद गांधीवाद की हत्या को सत्तापक्ष आमादा है। भारत को भारत बनाने में कई महान विभूतियों ने अपने प्राणों की आहूति दी और असहनीय पीड़ा को सहा था लेकिन वर्तमान दौर में उनके बलिदान को तोड़–मरोड़ के पेश करने का फैशन चल पड़ा है इसको लेकर गांधीवादी लोगों को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने बिहार में महात्मा गांधी के कार्यों के बाबत बोला कि सीमांत गांधी के नाम से महशूर खान अब्दुल गफ्फार खान ने भी गाँधीजी के साथ कदमताल किया और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उन्होंने वर्तमान दौर के राजनीति पर बोलते हुए कहा कि गांधी की हत्या में गोड्से केवल हत्यारा था असली कातिल आरएसएस और हिन्दू महासभा के लोग और विचार थे। वर्तमान दौर में जरूरत है हमें कांग्रेस और राहुल गांधी के संघर्ष के साथ खड़ा होने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि संघ के पास एक भी नेता नहीं जिसका कद बड़ा हो। कांग्रेस के पास ऐसे नेताओं की फेहरिस्त हैं जिसकी ऊँचाई गगन चुम्बी है, जो सरदार पटेल की ऊँचाई मूर्ति की लम्बाई से मापते हैं उनको क्या पता कि पटेल क्या चीज थे, वे पटेल को समझ ही नहीं पाये। मोदी जी से ज्यादा झूठ कोई नहीं बोलता। विदेशियों से लड़ना आसान था आज देश की गद्दी पर गद्दार विराजमान है। इससे पूर्व



## नफरत और झूठ का कोई वजूद नहीं होता, कांग्रेस के कार्यकर्ता एकजुट होकर नफरत के खिलाफ लड़ें :तुषार गांधी

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे हैं प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रपौत्र व लेखक तुषार गांधी को प्रदेश कांग्रेस सदाकत आश्रम के सभागार में पुष्पगुच्छ, मिथिला का पाग और अंगवस्त्र से स्वागत व अभिनंदन किया। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि बिहार कांग्रेस के लिए गर्व का विषय है कि जिनके विचारों से प्रभावित होकर हम उनके बताएं रास्तों पर चलकर कांग्रेस पार्टी के अभिन्न अंग हैं उनके वंशज हमारे बीच आएं और अपने विचारों से बिहार के कांग्रेसजनों को अभिभूत किया। उन्होंने कहा कि देश के वर्तमान राजनीतिक हालात चिंतनीय है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा और उसके समर्थक देश से लोकतांत्रिक मूल्यों की भी हत्या करने पर उतारू हैं ऐसे में हम सभी कांग्रेसजन की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम वर्तमान राजनीतिक दौर में गांधी के अहिंसा व भाईचारे के विचारों से लैश होकर राजनीतिक व लोकतांत्रिक लड़ाई लड़कर देश को वापस प्यार, मोहब्बत और भाईचारे के रास्ते पर लाने की कवायद करें। संगोष्ठी में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश में नफरत के बीज बोए जा रहे हैं और ऐसे में गाँधी के विचार वर्तमान दौर में न केवल प्रासंगिक हो जाते हैं बल्कि जरूरी भी हो जाते हैं।

कांग्रेस रिसर्च विभाग के चेयरमैन और प्रवक्ता आनंद माधव ने अपने सम्बोधन में कहा कि नफरत के दौर में गांधी के बताए रास्तों पर चलकर ही देश को अखंड और एकजुट किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने देश में गांधीवादी विचारों को युवाओं तक पहुंचाने की बात कही। स्वागत भाषण पूर्व मंत्री वीणा शाही ने किया और उन्होंने गांधी के विचारों पर आधारित कांग्रेस पार्टी की थाती बताते हुए उनके बिहार आगमन और ऐतिहासिक सदाकत आश्रम में आगमन को गर्व का पल बताया। संगोष्ठी का संचालन डॉ मधुबाला ने किया और धन्यवाद ज्ञापन पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक ने किया।

इससे पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी ने प्रातः काल में गांधी मैदान स्थित गांधी मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की और कांग्रेसजन के साथ पदयात्रा में शामिल हुए।

संगोष्ठी में प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के अलावे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा0 मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, विधायक इजहारुल हुसैन, विजेंद्र चौधरी, संजीव प्रसाद टोनी, वीणा शाही, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, निर्मल वर्मा, आनन्द माधव, पूर्व विधायक प्रमोद कुमार सिंह, लाल बाबू लाल, मनोज कुमार सिंह, डा0 अजय कुमार सिंह, कपिलदेव प्रसाद यादव, राज कुमार राजन, प्रभात कुमार सिंह, नागेन्द्र कुमार विकल, आलोक हर्ष, चंद्रप्रकाश सिंह, अम्बुज किशोर झा, असित नाथ तिवारी, ज्ञान रंजन, सौरभ सिन्हा, स्नेहाशीष वर्द्धन पाण्डेय, अजय कुमार चैधरी, अमरेन्द्र सिंह, सुनील कुमार सिंह, ललन यादव, इरशाद हुसैन, मधुरेन्द्र कुमार सिंह, शशि कांत तिवारी, संजय कुमार पाण्डेय, डा0 हसनैन कैसर, विकास कुमार झा, उदय शंकर पटेल, शशि रंजन, आई0पी0गुप्ता, सत्येन्द्र कुमार सिंह, मृणाल अनामय, दौलत इमाम, मंजीत आनन्द साहू, निधि पाण्डेय, रूमा सिंह सहित सैंकड़ो कांग्रेसजन शामिल हुए।

**राजेश राठौड़, चेयरमैन, मीडिया विभाग**
**बिहार कांग्रेस, 9430438222**

## छुट्टी की सूचना

मजदूर दिवस के अवसर पर कांग्रेस दर्पण का कार्यालय 01 मई (सोमवार) को बंद रहेगा। अतः इसका अगला अंक 03 मई (बुधवार) को पुन प्रकाशित होगा।

# देश कांग्रेस में विभिन्न विभागों की समीक्षात्मक बैठक

## कांग्रेस विधि विभाग, मानवाधिकार विभाग ,आरटीआई विभाग एवं चिकित्सा विभाग की प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने ली समीक्षात्मक बैठक

**पटना । कांग्रेस दर्पण**




**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में कांग्रेस विधि विभाग, मानवाधिकार विभाग ,आरटीआई विभाग एवं चिकित्सा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आज सम्पन्न हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने आज विधि विभाग के चेयरमैन संजय कुमार पांडेय, मानवाधिकार विभाग के चेयरमैन इंद्रदेव प्रसाद आरटीआई विभाग के चेयरमैन संजय कुमार भारती और चिकित्सा विभाग के चेयरमैन डॉ हसनैन कैसर व उनकी टीम के साथ अहम बैठक लेकर इन चारो विभागों के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक कर कमिटी की मजबूती के लिए आवश्यक सुझाव देकर क्रियान्वयन को प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने उक्त चारों विभाग की टीम को बूथ लेवल तक मजबूती से गठित करने का निर्देश दिया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव तक मजबूती से जमीनी स्तर पर कार्य करने को लेकर निर्देशित किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस के विभिन्न विभागों की समीक्षात्मक बैठकों का आयोजन किया जा रहा है और सांगठनिक मजबूती के लिए लगातार जरूरी सुधार किए जा रहे हैं। ये बैठक भी इसी सिलसिले में आयोजित थी और आने वाले दिनों में और भी विभागों की समीक्षात्मक बैठकों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद ये रूटीन बैठक है जिसमें लोकसभा चुनावों से पहले संगठन को धरातल पर सभी प्रकोष्ठों के मजबूती से कार्य करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया है। बैठक में विधि विभाग के चेयरमैन संजय कुमार पाण्डेय, मानवाधिकार विभाग के चेयरमैन इंद्रदेव प्रसाद, आरटीआई विभाग के चेयरमैन संजय कुमार भारती एवं चिकित्सा विभाग के डॉ हसनैन कैसर, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, प्रभात कुमार सिंह सहित चारो विभागों के सभी प्रमुख नेतागण मौजूद रहें।

**राजेश राठौड़, चेयरमैन, मीडिया विभाग**
**बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी**

# शहादतों के सम्मान में सेना में अहीर रेजिमेंट बनाई जाए: इंडियन कांग्रेस ब्रिगेड बिहार

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

देश की अखंडता एवं और सुरक्षा में अहीरों₹यादवों₹का अविस्मरणीय भूमिका रही है।लेकिन आज अहीरों के इतिहास को भुलाया जा रहा।जब जब देश में संकट या आक्रमण की स्थिति आयी है अहीरों ने अपने प्राण की आहुति देकर देश की अक्षुण्णता को बरकरार रखने के लिए अपने आप को बलिवेदी पर चढ़ाया है।

चाहे विटनेस कॉल में देश की बात हो, या दूसरा विश्वयुद्ध हो या चीन के साथ रेजांगला युद्ध या फिर पाकिस्तान के साथ कारगिल युद्ध रही हो हर मोर्चे पर अहीर समाज के वीरो ने अपनी आहुति दी है।



जब सरहद पर हमारी जरूरत होती है।
हमारी छाती सबसे आगे होती है।

अतः इंडियन कांग्रेस ब्रिगेड के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव ने श्रीकृष्ण चेतना परिषद के बैनर तले भारत सरकार से अहीरों के त्याग, तपस्या एवं वलिदान को देखते हुए अविलम्ब अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री एवं गृहमंत्री से करती है।इस मुद्दे को लेकर अहीर संघर्ष समिति वर्षों से संघर्ष रत है।लेकिन सरकार इसपर ध्यान नही दे रही है।जिससे अहीर समाज के मन में निराशा का भाव उतपन्न हो रही है।संसद में मान्य निय सांसद सदस्य दिनेश लाल निरहुआ जी ने अहीर रेजिमेंट के स्थापना का प्रस्ताव रखा है।अखण्ड भारत के इतिहास में अहीरो के योगदान को कदापि भुलाया नहीं जा सकता है।अहीरों का योगदान देश की आज़ादी में अविस्मरणीय रहा है उसे झुठलाया नही जा सकता।अहीरों के वीर सपूतों के परिवार में किसी ने अपने भाई को खोया, कितने माताओं की गोद सुनी हो गई,कितने अबलाओं ने अपनी मांग की सिन्दूर धो डाली, छोटे छोटे बच्चे ने अपने पिता का साया खो दिया।उन शहीदों के सम्मान में अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग इंडियन कांग्रेस ब्रिगेड सरकार से करती है।

**सुरेश प्रसाद यादव अध्यक्ष,बिहार प्रदेश इंडियन कांग्रेस ब्रिगेड,सह अध्यक्ष श्री कृष्ण चेतना परिषद बाराहाट,बाँका, बिहार।**

# मुझे मेरे राजीव को लौटा दो

**पटना । कांग्रेस दर्पण**





**पटना।** एक स्त्री को कितनी बार अपमानित करेंगे? हजारों बार अपमान का घूंट पीकर भी जो महिला अनवरत रूप से इस देश की सेवा करती रही है उसे अपमानित करने की कोशिश करके आप खुद अपनी निकृष्ट सोच का परिचय देते हैं. हमारी परम्परा स्त्री को देवी मानती है, माँ मानती है. देवी और माँ का अपमान करके कोई कैसे सम्मानित हो सकता है? सोनिया जी का जब भी कोई अपमान करना चाहता है तो वर्षो पहले लिखी उनकी एक चिट्ठी याद आ जाती है. काश कि सोनिया गाँधी जैसी शख्सियत पर कीचड उछालने वाले उनके इस पत्र को पढ़ सकते और इसका आशय समझ सकते.

आपने देखा है न उन्हें !!

चौड़ा माथा, गहरी आंखें, लम्बा कद ङ्क और वो मुस्कान. जब मैंने भी उन्हें पहली बार देखा झ तो बस देखते रह गयी. साथी से पूछा– कौन है ये खूबसूरत लड़का. हैंडसम !! हैंडसम कहा था मैंने.

साथी ने बताया वो इंडियन है. पण्डित नेहरू की फैमिली से है. मैं देखती रही ङ्क पंडित नेहरू की फैमिली के लड़के को.

कुछ दिन बाद, यूनिवर्सिटी कैंपस के रेस्टोरेन्ट में लंच के लिए गयी. बहुत से लड़के थे वहां. मैंने दूर एक खाली टेबल ले ली. वो भी उन दूसरे लोगों के साथ थे. मुझे लगा कि वह मुझे देख रहे हैं. नजरें उठाई, तो वे सचमुच मुझे ही देख रहे थे. क्षण भर को नजरें मिली, और दोनों सकपका गए. निगाहें हटा ली, मगर दिल जोरों से धड़कता रहा.

अगले दिन जब लंच के लिए वहीं गयी, वो आज भी मौजूद थे. कहीं मेरे लिए इंतजार ङ्क ! मेरी टेबल पर वेटर आया, एक वाइन की बॉटल लेकर ङ्क और साथ में एक नैपकिन, जिस पर एक कविता लिखी थी. 'द वन'ङ्क

वो पहली नजर का प्यार था. वो दिन खुशनुमा थे. वो स्वर्ग था. हम साथ घूमते, नदियों के किनारे, कार में दूर ड्राइव, हाथों में हाथ लिए सड़कों पर घूमना, फिल्में देखना. मुझे याद नहीं की हमने एक दूसरे को प्रोपोज भी किया हो. जरूरत नहीं थी, सब नैचुरल था, हम एक दूसरे के लिए बने थे. हमें साथ रहना था. हमेशा ङ्क

उनकी मां प्रधानमंत्री बन गयी थी. जब इंग्लैंड आयी तो राजीव ने मिलाया. हमने शादी की इजाजत मांगी. उन्होंने भारत आने को कहा.

भारत ङ्क ?? ये दुनिया के जिस किसी कोने में हो. राजीव के साथ कहीं भी रह सकती थी तो आ गयी. गुलाबी साड़ी, खादी की, जिसे नेहरू ने बुना था, जिसे इंदिरा ने अपनी शादी में पहना था, उसे पहन कर इस परिवार की हो गयी। मेरी मांग में रंग भरा, सिन्दूर कहते हैं उसे. मैं राजीव की हुई, राजीव मेरे, और मैं यही की हो गयी.

दिन पंख लगाकर उड़ गए. राजीव के भाई नहीं रहे. इंदिरा को सहारा चाहिए था. राजीव राजनीति में जाने लगे. मुझे नहीं था पसंद, मना किया. हर कोशिश की, मगर आप हिंदुस्तानी लोग, मां के सामने पत्नी की कहां सुनते हैं. वो गए, और जब गए तो बंट गये. उनमें मेरा हिस्सा घट गया.

फिर एक दिन इंदिरा निकली. बाहर गोलियों की आवाज आई. दौड़कर देखा तो खून से लथपथ. आप लोगों ने छलनी कर दिया था. उन्हें उठाया, अस्पताल दौड़ी, उनके खून से मेरे कपड़े भीगते रहे. मेरी बांहों में दम तोड़ा. आपने कभी इतने करीब से मौत देखी है ? उस दिन मेरे घर के एक नहीं, दो सदस्य घट गए.

राजीव पूरी तरह देश के हो गए. मैंने सहा, हंसा, साथ निभाया. जो मेरा था ङ्क सिर्फ मेरा, उसे देश से बांटा और क्या मिला ? एक दिन उनकी भी लाश लौटी. कपड़े से ढंका चेहरा. एक हंसते, गुलाबी चेहरे को लोथड़ा बनाकर लौटा दिया आप सबने.

उनका आखिरी चेहरा मैं भूल जाना चाहती हूं. उस रेस्टोरेंट में पहली बार की वो निगाह, वो शामें, वो मुस्कान ङ्क बस वही याद रखना चाहती हूं.

इस देश में जितना वक्त राजीव के साथ गुजारा है, उससे ज्यादा राजीव के बगैर गुजार चुकी हूं. मशीन की तरह जिम्मेदारी निभाई है. जब तक शक्ति थी, उनकी विरासत को बिखरने से रोका. इस देश को समृद्धि के सबसे गौरवशाली लम्हें दिए. घर और परिवार को संभाला है. एक परिपूर्ण जीवन जिया है. मैंने अपना काम किया है. राजीव को जो वचन नहीं दिए, उनका भी निबाह मैंने किया है.

राजनीति है, सरकारें आती जाती है. आपको लगता है कि अब इन हार जीत का मुझ पर फर्क पड़ता है ? आपकी गालियां, विदेशी होने की तोहमत, बार बाला, जर्सी गाय, विधवा ङ्क इनका मुझे दुःख होता है ? किसी टीवी चैनल पर दी जा रही गालियों का दुःख होता है, ट्विटर और फेसबुक पर अनर्गल ट्रेंड का दुख होता है ?? नहीं, तरस जरूर आता है.

याद रखिये, जिससे प्रेम किया हो, उसकी लाश देखकर जो दुःख होता है, इसके बाद दुःख नहीं होता. मन पत्थर हो जाता है. मगर आपको मुझसे नफरत है, बेशक कीजिये. आज ही लौट जाऊंगी. बस, राजीव लौटा दीजिए.

और अगर नहीं लौटा सकते तो शांति से, राजीव के आसपास, यहीं कहीं इसी मिट्टी में मिल जाने दीजिए. इस देश की बहू को इतना तो हक मिलना चाहिए शायद

**राघव कुमार महासचिव युवा कांग्रेस व लोकसभा मीडिया प्रभारी बेगूसराय**

# प्रधानमंत्री जी ने नहीं दिया किसी भी चिठी का जवाब : राकेश राणा




**पटना। कांग्रेस दर्पण**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी जय भारत सत्याग्रह के अंतर्गत उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने 8 अप्रैल 2023 को आज की चिठी कार्यक्रम की शुरुआत की थी हमने पहली चिट्ठी माननीय प्रधानमंत्री जी को लिखकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए तत्पर रहने देश की एकता अखंडता लोकतंत्र और संविधान को अक्षुण्ण रखने सामाजिक और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ शपथ पत्र के रूप में लिखी थी।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत हमने कुल छत्तीस पत्र लिखे हैं इनमें से 25 पत्र माननीय प्रधानमंत्री जी को लिखे हैं जो राष्ट्रीय महत्व के प्रधानमंत्री स्तर के विषयों से संबंधित थे।

कार्यक्रम का समापन आज राज्य आंदोलनकारी के प्रति कांग्रेस पार्टी के सम्मान,माँ गंगा के प्रति आस्था ,पूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान को प्रदर्शित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर कर रहे हैं।

## पत्रों का विवरण

1– हमने पहली तिथि 8 अप्रैल 2023 माननीय प्रधानमंत्री जी को लिखकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए तत्पर रहने देश की एकता अखंडता लोकतंत्र और संविधान को ढकने सामाजिक और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को शपथ पत्र के रूप में लिखी थी

2– सेना और अर्धसैनिक बलों में रिक्त पदो को शीघ्र भरने

3– अदानी समूह का चांग लूंग की कंपनी पीएमसी से संबंध को स्पष्ट करने।

4– अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच

5– बलात्कार पीड़िता की हत्याकांड में परिवार को न्याय दिलाने

6– अनुसूचित जाति विकास बजट में कटौती के खिलाफ

7– गुजरात के बंदरगाहों में 41643 करोड की मूल्य के नशीले पदार्थों के संबंध में

8– ऑनलाइन गैम्बलिंग को समाप्त करने

9– पुलवामा आतंकी हमले में शहीद परिवारों की मांग पर न्यायिक जांच करने

10– 8000 अमीर लोगों को जो देश छोड़कर भाग गए हैं उनसे संबंधित स्वयं पत्र

11– नोट बंद के वक्त चर्चित हुए महेश ताकि 13860 की संपत्ति के संबंध में

12– फसल बीमा योजना

13– महंगाई,

14– किसानों को आकस्मिक वर्षा से हुए नुकसान के एवज में राहत देने

15– केंद्र सरकार के विभिन्न सामाजिक जन कल्याण योजनाओं के बजट में कटौती के खिलाफ

16– सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में वैमनस्य फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई हेतु ,

17– उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में छोटे और मध्यम श्रेणी के व्यापारी को जीएसटी में छूट देने,

18– पाठ्यक्रमों में बदलाव चिंता

19– आंगनवाड़ी में गरम पक्का बुआ भोजन के स्थान पर सूखा राशन देने पर आपत्ति

20– गौतम अडानी की संपत्ति में सार्वजनिक पैसा लगने और उसकी सुरक्षा से संबंधित

21– उत्तराखंड के वनों में जंगली जानवरों के आवास की धारा क्षमता कैरिंग कैपेसिटी का वैज्ञानिक आकलन करने

22– वन्यजीवों से ग्रामीणों की रक्षा करने के लिए मनरेगा के तहत गांव के आसपास खतरनाक रूप से उगाई झाड़ियों को काटने की इजाजत देने

23– नमामि गंगे परियोजना,

24– पुरानी पेंशन स्कीम,

25– एक रैंक एक पेंशन लागू करने

## माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड को लिखे पत्र

1– उत्तराखंड क्रिकेट की महिला खिलाड़ियों की शिकायत की सीबीआई जांच करवाने,

2– लोक सेवा आयोग से विभागीय परीक्षा में सीधी भर्ती के समान आरक्षण समाप्त करने के खिलाफ

3–ऑनलाइन गैबलिंग को समाप्त करने

4– उत्तराखंड में 3000 स्कूलों के बंद होने पर चिंता

5– राजस्थान सरकार की तर्ज पर उत्तराखंड में स्वास्थ्य का अधिकार कानून लाने के संबंध में

6– जंगली जानवरों से रक्षा के संबंध में नीति और कार्यक्रम बनाने

7– स्वतंत्रता सेनानी के परिवारों को सुविधा देने से संबंधित

8– भर्ती घोटालों की जांच,

9– प्रधानमंत्री केयर फंड का पैसा उत्तराखंड को मिला या नहीं से संबंधित

10– नमामि गंगे परियोजना,

11– उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी से संबंधित।

उपरोक्त प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत, प्रदेश कांग्रेस के सचिव पूर्व राज्य मंत्री सैयद मुसर्रफ अली ,उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के अध्यक्ष ज्योति प्रसाद भट्ट, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमती ममता उनियाल ,महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी रावत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंबा के अध्यक्ष साहब सिंह सजवान युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजय पाल सिंह रावत वरिष्ठ अधिवक्ता सोहन सिंह रावत जिला कांग्रेस के महासचिव सुरेश जुयाल आदि उपस्थित थे

# मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल राज्य स्तरीय चुनावी प्रशिक्षण शिविर का आज तीसरा व समापन दिवस










**पटना। कांग्रेस दर्पण**

राज्य स्तरीय चुनावी प्रशिक्षण शिविर का आज तीसरा व समापन दिवस समारोह में प्रातः वंदे मातरम्, योगा एवम झंडा वंदन आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष श्री योगेश यादव जी द्वारा किया गया। तत्पश्चात् प्रशिक्षकों द्वारा बौद्धिक प्रशिक्षण के क्रम में शिवराधिपति हरि शंकर राय जी व सभी वरिष्ठ अधिकारीगण और प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहें।

समापन समारोह की इसी पावन बेला में उपस्थित श्रीमती रीना सेठिया जी, शोभा ओझा जी, महेंद्र जोशी जी, भूपेंद्र गुप्ता जी, कृपाशंकर शुक्ला जी एवम जीतू पटवारी जी का आगमन हुआ।

जिन्होंने बताया की कांग्रेस सेवादल समाज और कांग्रेस पार्टी की बीच की कड़ी है,

कांग्रेस पार्टी के विचार और प्रकृति के विचार, देश के विचार और मानवता के विचार एक ही हे जो की




कांग्रेस पार्टी के इतने लंबे चलने का कारण रहा हे।

मानवता के इसी विचार को बड़ाने व मजबूती देते हु जन कल्याण के कार्यों को करने की सेवादल ने सपत ली।

आभार

माननीय अध्यक्ष श्री योगेश यादव जी एवम समस्त उपस्थित सेवादल पदाधिकारीगण एवम कांग्रेस जन।

यह सिलसिला निर्वात गति से चलता रहे।

जय हिन्द वंदे मातरम्

**हिमांशु तिवारी, संचार समन्वयक कांग्रेस सेवादल मध्यप्रदेश**

**मीनाक्षी स्वामी,महिला संचार समन्वयक कांग्रेस सेवादल मध्यप्रदेश**

**रुद्र पटेल, सह–संचार समन्वयक मप्र कांग्रेस सेवादल**

**उमेश पटेल, सह–संचार समन्वयक मप्र कांग्रेस सेवादल**

# मोदी जी देश में मन की बात नहीं, जन की बात करें : ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

आज दिनांक 30 अप्रैल 2023 को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने प्रेस–विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मोदी जी को देश में मन की बात नहीं जन की बात करनी चाहिए, मोदी जी के मन की बात एपिसोड का उत्सव मना कर भाजपा ने इमोशनल कार्ड का उपयोग कर अपनी विफलताओं को छुपाने एवं लोगों को दिग्भ्रमित करने का काम कर रही है, आगे उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को लोगों से किए गए वादे का उल्लेख किया जाना चाहिए जिसे उन्होंने अब तक पूरा नहीं किया है, मोदी सरकार ने लोगों को 15 लाख देने की वादा, कालाधन लाने का विश्वास एवं लाखों बेरोजगारों को रोजगार देने का जो आश्वासन दिया था वह सिर्फ और सिर्फ जुमला साबित हुआ है, मोदी सरकार सभी मोर्चे पर विफल रही है, देश में महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है, लोग आर्थिक संकटों से जूझ रही है, वर्तमान परिस्थिति में देश में मध्यमवर्ग, बेरोजगार, युवा, महिलाएं, किसान त्रस्त एवं परेशान हैं, मोदी सरकार सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने पर विफल रही है, इसके बावजूद देश की ज्वलंत मुद्दों एवं चुनौतियों से भागकर मोदी सरकार लोगों को दिग्भ्रमित करने का काम कर रही



है, मोदी सरकार के कार्यों एवं कार्यप्रणाली से देश की जनता हतोत्साहित एवं आक्रेशित हैं, देश की मोदी सरकार अलोकतांत्रिक तरीके से तानाशाही पूर्ण चरित्र का परिचय देते हुए केंद्र सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने वाले पर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का उपयोग कर तानाशाह सरकार चलाने का काम कर रही है, सरकारी तंत्रों का भय दिखाकर लोकतंत्र की आवाज को बंद करने की कोशिश की जा रही है, मोदी सरकार को देश की ज्वलंत समस्याओं का निराकरण करने के बजाए लापरवाह वह मूकदर्शक बनी हुई है देश की समस्याओं से मोदी सरकार को कोई सरोकार नहीं सिर्फ उनका मकसद अपना साम्राज्य कायम रहे, आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश हित में अनगिनत योजनाओं को धरातल पर उतारकर लोगों के जीवन और जीविका से जोड़ते हुए उल्लेखनीय कार्य किए हैं, आज मोदी सरकार को नेहरू जी इंदिरा जी एवं राजीव गांधी के द्वारा देश हित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों से प्रेरणा लेने की दरकार है, मोदी सरकार को मन की बात करने के बजाए जन की बात करते हुए देश की ज्वलंत समस्याओं को निराकरण करने की दरकार है।

**ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी, सह चेयरमैन, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति।**

# वक्फ भुमि को अतिक्रमित होने से बचायें : निसार अख्तर



**पटना। कांग्रेस दर्पण**

बिहार सुन्नी वक्फ बोर्ड के जिला इकाई अरवल जिला औकाफ कमेटी के सचिव कांग्रेस नेता एडवोकेट निसार अख्तर अंसारी ने स्थानीय निवासी मो सलाहुद्दीन व मो सफदर के जरिए मिली सूचना के बाद जिला पदाधिकारी अरवल, को आवेदन देकर अरवल जिले के करपी अंचल के मौजा– नगला, थाना नं. – 222 खाता नं. – 139 प्लॉट नं. – 333 रकवा 01 एकड़ 12डी0 भूमि जो बिहार सुन्नी वक्फ बोर्ड पटना को दिनांक 10.03.1934 में वक्फ किया गया है जिसका रजिस्ट्रेशन न० 2195 / 93 दिनांक 20.09.1993 वक्फ आई. डी. इफ्खऊ2155 है। उक्त वक्फ को बीबी कमरून निशा वक्फ स्टेट के नाम से जाना जाता है। जिससे मोतवल्ली हकीम सैयद ख्वाजा जैनूल आवेद्दीन थे।

वक्फ के बाद उक्त भुमि पर मुरादपूर नगला (किंजर नगला) के मुस्लिम लोग विवाद रहीत काबिज दाखिल चले आ रहें है। अब उक्त वक्फ की भूमि पर स्थानिय मुखिया करपी अंचल अधिकारी को मेल में लेकर जबरन समुदायिक भवन व विद्यालय का निर्माण कराना चाहते हैं, जो कि वक्फ की भूमि का अतिक्रमण होगा।यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि वक्फ की भुमि सिर्फ मुस्लिम समुदाय की भुमि होती है और उक्त भुमि पर मुस्लिम अपने समुदाय के हित में ही उपयोग कर सकते हैं या मुस्लिमों से संबंधित निर्माण ही किया जा सकता है. औकाफ कमेटी के सचिव एडवोकेट निसार अख्तर अंसारी ने जिला पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक पदाधिकारी, जिला उप बिकास आयुक्त, भुमि सुधार उप समाहर्ता एवं बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन को आवेदन भेजकर कहा है कि अरवल में भुमि के अभाव में बिहार सरकार द्वारा संचालित मुस्लिमों से संबंधित अनेक भवनों का भुमि के अभाव में निर्माण कार्य रूका पड़ा है जैसे अल्पसंख्यक छात्रावास, अल्पसंख्यक आवासीय कन्या बिधालय, बहुदेशीय भवन वगैरह जिसका निर्माण जिला प्रशासन भुमि की कमी दिखा कर अरवल में नहीं कर पा रही है, जबकि वक्फ की भुमि पर जबरन अतिक्रमण करके अन्य भवन का निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है. जो घोर आपत्तिजनक है, जिला प्रशासन जल्द से जल्द उक्त अवैध निर्माण कार्य करने के प्रयास पर रोक लगायें.

आज नर्मदापुरम में पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री सत्येंद्र फौजदार जी नें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष आदरणीय श्री एन पी प्रजापति जी की मुख्य उपस्थिति में सर्किट हाउस में आयोजित महत्वपूर्ण मीटिंग में शामिल हुए व मीटिंग को संबोधित किया। इस दौरान ₹कांग्रेस के वचन पत्र₹ के लिए नर्मदापुरम शहर व ग्रामीण की विभिन्न समस्याओं को वचन पत्र में शामिल करने के लिए आग्रह किया। साथ ही समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जन, पदाधिकारी गण, उपस्थित रहे एवं सभी ने अपने विचार व्यक्त किए।।



**अपनी उम्र और पैसे पर कभी घमंड मत करो, क्योंकि जो गिना जा सकता है वो कभी भी खत्म हो सकता है ।। "संगठन मे ही शक्ति है"**

## पार्टी सर्वोपरी : श्रीमती सुशीला देवी



देश के एकता के लिए विभिन्न जाति, धर्म, मजहब, को एक दूसरे से नफरत छोड़ एक होने की जरूरत है हमें यह सोचना चाहिए कि जिस पार्टी ने सबको साथ साथ लेकर देश को आजाद कराया, जो लोग विदेशियो को साथ दे रहे थे वे आज धर्म, के नाम पर देश को तोड़ने की बात करते हैं लेकिन यह कभी होने नही दूँगी, हमारे लिए पार्टी सर्वोपरि है पार्टी के लिए हम सब सदैव तत्पर रहते हैं युक्त बाते श्रीमती जिलाध्यक्ष ने हो रहे पँचायति के दौरान कही।

## देश के लिए मेडल लाने वाली वेटीया भी सुरक्षित नहीं



पटना। भाजपा के सरकार मे उन्ही के नेता देश की वेटियो का चीर हरण कर रहे है और अईशा एक मामला नही कई मामला समने आ चुका है देश जानना चाहता है की जनतर मनतर पर न्याय के लिए बैठी वेटीयो को कब इन्साफ मिलेगा और कब दोषी को सजा मिलेगी देश मे ना ही खिलाडी सुरक्षित है और नही किसान जवाब भाजपा देश को किस दिशा मे ले जाना चाहती है अईशा लग रहा है की अघोषित इमर्जेंसी लागू है विपक्ष के नेता अगर सरकार से सवाल पुछता है तो वह देश द्रोही किसान अपनी मांग को लेकर सडक पर उतरती है उन्हे देश द्रोही साबित करने मे लग जाती है गोदी मिडिया और मोदी जी के मंद बुद्धी मंत्री नेता अब देश के जनता इस सरकार से उब चुके है चाहे देश की वेटी हो या फिर जवान भाजपा सारी सरकारी संस्था को अपने कब्जा मे कर के दुरुपयोग कर रही है हमे लगता है की अब देश की जनता चुप बैठने बाले नही बीजेपी को सत्ता से उखाड फेकने की मन बना लिए है मोदी जी के प्रति देश मे आक्रोश का माहौल है!



आज जोबट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमखूट के यूवा व जनप्रतिनिधी का समूह आज अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर अलिराजपुर कांग्रेस पार्टी के दबंग नेता महेश पटेल जी से मिलकर अवगत करवाया जिसमे ग्राम आमखुट में कब्रिस्तान में हैंडपंप की समस्या को लेकर मुलाकात हुई जिसमें हमारे दबंग नेता महेश पटेल जी ने तत्काल समस्या का निराकरण करने का आसवासन दिया है हम सभी पटेल परिवार का दील से धन्यवाद देते हैं कांग्रेस कार्यकर्ता और कट्ठिवाडा ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अमित बामनिया पटेल परिवार को शुक्रिया अदा करता हूं जय कांग्रेस पार्टी जय महेश पटेल जी



# मन की बात पर 830 करोड़ स्वाहा

### पटना । कांग्रेस दर्पण

मन की बात पर पैसों की बर्बादी एक एपिसोड पर अनुमानतः 8.30 करोड़ खर्च सामने आ रहा है।

तो जोड़िए 100 एपिसोड पर 830 करोड़ हुआ खर्चा।

अब आम जन के कड़ी मिहनत से जमा किये पैसों में से वसूले गए

टैक्स से नाहक में खर्चा हुआ।

हमारे गांव रामदीरी में आज कई गाड़ी से आदमी धोकर लाए गए। चार–पांच दिन से पंडाल बन रहा था। नाश्ते के प्रबंध हो रहे थे।

इस तरह के खर्चा को जोड़ा जाए तो और बढ़ता चला जाएगा।

फायदा देश को हुआ या भारतीय जनता पार्टी को ?

इसलिए बंद करो टैक्सपेरों के पैसे की बर्बादी।

और उन पैसों से उद्योग धंधों को बढ़ावा दो, जिससे बेरोजगारी दूर होगी।

नाम चमकाने में रुपया बर्बाद करना अच्छे राजनेता का काम नहीं है...



**.... रणजीत कुमार मुखिया जी, पूर्व जिला सचिव, बेगूसराय कांग्रेस कमेटी**



आज विहर सरकार के कृषि मंत्री माननीय कुमार सर्वजीत एवं पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आदरणीय अवधेश कुमार सिंह जी बोधगया विधान सभा के ग्राम गुमा जाते समय वज़ीरगंज प्रखंड मुख्यालय के पास मला देकर स्वागत किया गया इस कार्यक्रम मे कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह राजद के पूर्व अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव रमाकांत सिंह बिजय यादव राजू केसरी शिवकुमार यादव राजद नेत्री लक्ष्मी यादव सुरेंदर कुमारें ल्र्रॅंइत्यादि दर्जनों लोग सामिल थे!

# कांग्रेस सेवादल की मीटिंग शास्त्री नगर अजमेर में आयोजित

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

आज अजमेर शहर कांग्रेस सेवादल की मीटिंग शास्त्री नगर अजमेर में आयोजित की गई। सेवादल निवर्तमान जिला संगठक एवं सोशल मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष पीयूष सुराणा ने बताया कि देशराज मेहरा के नेतृत्व में अजमेर शहर सेवादल कांग्रेस की मीटिंग आयोजित की गई।प्रदेश पदाधिकारी एवम् अजमेर सेवा दल के प्रभारी राम सहाय सैनी और अतिथि नाथू लाल जी अजमेर पधारें। मीटिंग आयोजन का लक्ष्य वर्तमान में बनाए जाने वाले जिलाध्यक्ष के नाम लेना और सेवादल कार्यकर्ताओं से सेवादल को मजबूत करने के लिए संवाद करना। मंच संचालन निवर्तमान सेवा दल अध्यक्ष देशराज मेहरा ने किया और उन्होंने सेवादल की जानकारी देते हुए बताया कि अजमेर का सौभाग्य रहा की राष्ट्रीय सम्मेलन से लेकर प्रदेश सम्मेलन, जिला स्तरीय सम्मेलन अजमेर को मिला इसके लिए अखिल राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी,सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई,प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व सेवादल अध्यक्ष विजय नागोरा ने कार्यकर्ताओं को सेवादल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सेवादल कार्यकर्ताओं की पीड़ा सुनने और उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए एक टीम अलग गठित की जाए तो सेवादल को मजबूती मिलेगी। और प्रदेश सेवादल पदाधिकारी और अजमेर प्रभारी रामसहाय सेनी ने बताया की १.२.२.,बीजेपी कांग्रेस सेवादल से कभी भी मुकाबला नहीं कर सकती। जब जब देश में पीड़ा आई सेवादल ने मोर्चा संभाला





और लोगों की मदद की और आज फिर वही हालात है जब सेवादल ही देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने में आगे है। हम सबको एक होकर कांग्रेस को मजबूत करना होगा,सेवादल को मजबूत करना होगा। हम किसी भी व्यक्ति का विरोध नहीं करेंगे ऐसा कहते हुए उन्होंने सभी कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। नेता प्रतिपक्ष द्रोपति कोली ने अपनी बात में कहा कि कांग्रेस सेवादल हर जगह मौजूद रहती है और अपनी सेवाएं देती है जिस तरह महंगाई राहत कैंप लगे हुए हैं उसमें कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ता नजर आते हैं और वो अपनी सेवाएं देते हैं द्रोपति कोली ने कहा मेरे लायक किसी भी तरह का काम हो तो आप मुझे जरूर बताएं आप की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ी जाएगी और आप तो न्याय दिलाया जाएगा आपका काम करवाया जाएगा। इसी बीच सेवादल के निवर्तमान जिला संगठक एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष पीयूष सुराणा ने मीटिंग के दौरान अपनी बातों में कहा कि जिसे अध्यक्ष बनाना है बनाइए चाहे वह निवर्तमान अध्यक्ष हो तो आप लगातार रखना चाहे तो रख सकते हैं या फिर विजय नागोरा जी,राजकुमार पांड्या या अन्य कोई जिसे आप सेवादल के लायक समझते हैं जो कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चल सकता है जो कार्यकर्ताओं की लड़ाई लड़ सकता है उससे आप सेवादल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी और प्रदेश में हमारी बात पहुंचाई जाए कि जल्द से जल्द निर्णय लिया जाए और अध्यक्षों की नियुक्ति की जाए चाहे वह डीसीसी हो या फिर सेवादल सभी में नियुक्तियां समय पर होनी चाहिए क्योंकि जिस तरह आज कार्यकर्ता दरबदर हो गया है उन्हें मजबूती देने के लिए हमारे अध्यक्ष का होना जरूरी है जो कमान संभाल सके और कार्यकर्ताओं को मजबूती दे सके कार्यक्रम के दौरान पीयूष सुराणा, ओम प्रकाश मंडावरा,धीरज बुंदेल मुकेश सबलानिया,मनीष सेन,सलीम,रहमान,चेतन पवार,जितेंद्र कुमार चौधरी,महेंद्र जोशी,श्रवण कुमार,,श्रवण गुर्जर,पुनीत सांखला,विष्णु गौड़,गोपाल नायक,हेमराज बारोलिया,खान साहब,शासुद्दीन पठान, स्नेहलता नागोरी, एवम अन्य सेवादल कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## #रविमिलन #ध्वजारोहण आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई जी व डॉ पूनम छोटा सिंह चौहान निर्देशानुसार जी के आज पूरे प्रदेश में महिलासेवादल द्वारा किये गए रवि मिलन व ध्वजारोहण कार्यक्रम की कुछ झलकियां।



